# जैक ने निकाला आइटी अफसर की नियुक्ति का विज्ञापन, विरोध में कर्मियों का धरना प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने आईटी अफसर के एक पद के लिए विज्ञापन निकाला है। जैक कर्मियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि पूर्व के कार्यरत कर्मियों को नियमित नहीं किया जा रहा है। वहीं एक व्यक्ति को लाभ देने के लिए आईटी अफसर के पद पर नियमित नियुक्ति की जा रही है। इसे लेकर शनिवार को जैक के कर्मचारियों ने कैंपस में विरोध प्रदर्शन किया। जैक के कर्मियों ने विरोध के साथ जैक के अध्यक्ष को एक मांग पत्र सौपा है। इसमें 30 सितंबर को निकले गए



विज्ञापन को रद्द करने और परिषद कार्यालय में विभिन्न कोटि के कार्यरत पदाधिकारी, कर्मियों की सेवा समायोजन और नियमितीकरण करने की मांग की है।

उनका कहना था कि वर्ष 2019 में ही परिषद के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के लिए 352 पद सृजित है। इन पदों के विरुद्ध पूर्व से कार्यरत सभी कोटि के कर्मियों के साथ-साथ दैनिक कर्मी को समायोजित नहीं किया गया है। वहीं एक पद के लिए विज्ञापन निकाला गया है। परिषद में पूर्व से कार्यरत कर्मियों की मांगों को दरकिनार कर नई निगम नियमित नियुक्ति करना किसी भी तरह से न्याय संगत नहीं होता है। इसे तत्काल प्रभाव से तीन दिनों के अंदर रद्द किया जाए। अन्यथा हम सभी कर्मी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## क्या है मामला

जैक की ओर से एक विज्ञप्ति प्रकाशित की गई है, जिसमें आईटी ऑफीसर की नियुक्ति होनी है। यह फर्स्ट क्लास ऑफिसर लेवल का है। इसके तहत अधिकारी को 7600 का वेतनमान लगभग 2 लाख रुपये मिलेगा। इसकी नियुक्ति जैक अपने स्तर से कर रही है। यह अधिकार जैक को नहीं है। इस तरह की नियुक्ति करने का अधिकार जेपीएससी को है। इसकी नियुक्ति जैक को करनी चाहिए थी। जैक में 2009 से 352 पद स्वीकृत है। लेकिन आज तक या पद रिक्त है। 15 से 17 साल से से कार्य कर रहे दैनिक कर्मियों का अभी तक समायोजन नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में लेकिन जैक प्रबंधन के द्वारा एक कमी को लाभ देने के लिए सारे नियम को ताक में रखकर कार्य किया जा रहा है।

## नि:शुल्क हृदय जांच सेवा शिविर 8 को

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति की ओर से 8 अक्टूबर को समिति के कार्यालय में निःशुल्क हृदय जांच सेवा शिविर के आयोजन का निर्णय लिया गया है। यह शिविर निःशुल्क होगा और सुबह 8 बजे से देर शाम तक प्रसिद्ध हृदय चिकित्सक डॉ राजेश अग्रवाल एवं उनकी टीम के संयोजक अमरेंद्र आजाद की ओर से जांच की जायेगी। इस शिविर में छाती में दर्द एवं दिल की धड़कन बढ़ जाना, सांस लेने में तकलीफ, एडिमा या पैरों में सूजन, थकावट महसूस करना, सांस लेते वक्त घबराहट होना या लगातार खांसी होना, जी मचलना या भूख कम लगना आदि जांच के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन 9835354236; 7004150058 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक डॉ पंकज, जयंत, अमरेंद्र, मृत्यंजय, राधेश्याम व अन्य मौजूद थें।

## खबर एक नजर में

### आयू के दो शिक्षक और एक कर्मी रिटायर



**रांची।** रांची विश्वविधालय के दो शिक्षक व एक शिक्षकेत्तर कर्मचारी शनिवार को सेवानिवृत हो गये। इनमें डॉ प्रभात कुमार सिंह , सोशियोलॉजी विभाग एवं डॉ जेपी खरे राजनीति विभाग के अलावा एक कर्मी श्रीराम तीर्की शामिल थे। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने उन्हें शाल और पुष्पगुच्छ दे सम्मानित किया। मौके पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### योग विभाग में चला स्वच्छता अभियान



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के योग विभाग में शनिवार को स्वस्छता अभियान का आयोजन किया गया। विभाग की निदेशक डॉ मधुलिका वर्मा एवं कोऑर्डिनेटर डॉ. गुरु चरण साहू की अगुवाई में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। जिसमें योग विभाग के सभी शिक्षकों,स्टाफ व विद्यार्थियों के द्वारा कैंपस की साफ सफाई की गई। इस कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व में ही कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में इसका शुभारंभ हो चुका है।

### झारखंड आंदोलकारियों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिले : अमीन अहमद



**रांची।** आजसू के महाअधिवेशन में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने आंदोलनकारी के रूप में झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव अमीन अहमद को शॉल ओढ़ाकर अपने हाथों से मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त सभा में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, डॉ संजय बसु मल्लिक, विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व विधायक उमाकांत रजक, राम चंद्र सहिस मौजूद थे। अमीन अहमद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड बने बाईस साल गुजर गये लेकिन जिनके कुबार्नी से राज्य बना उनके लिए सरकार ने अब तक कुछ भी नहीं किया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिस तरह राज्य कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ा गया है उसी तरह झारखंड के आंदोलनकारियों को भी इस योजना से जोड़ा जाय ताकि उम्र के अंतिम पड़ाव में कम से कम उनका ईलाज सरकारी स्तर से हो सके।

### राज अस्पताल में विल्सन रोग से पीड़ित बच्चे की बची जान



**रांची।** राज अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक, डॉ. रविश रंजन (गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट) एवं डॉ. अविनाश कुमार दुबे (किडनी रोग विशेषज्ञ) ने प्लाज्मा थेरेपी के द्वारा एक 9 वर्षीय बच्चे की जान बचाई। बच्चा चतरा जिले का रहने वाला है और लम्बे समय से इस बीमारी से पीड़ित था। विगत कुछ दिनों से बच्चे का इलाज शहर के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में हो रहा था। जहाँ चिकित्सकों ने पाया की बच्चा एक्यूट विल्सन क्राइसिस की अवस्था में था, जिसमे मरीज का लिवर काम करना बंद कर देता है और अगर लिवर प्रत्यारोपण नहीं किया गया तो 90% से ज्यादा केसेस में मरीज की जान नहीं बचती है। बच्चे की बीमारी की गंभीरता को देखते हुए , व्यापक उपचार के लिए उन्होने बच्चे को राज अस्पताल में डॉ. रविश रंजन के पास रेफर किया जहाँ डॉ. रविश रंजन एवं डॉ. अविनाश कुमार दुबे ने प्लाज्मा थेरेपी की मदद से बच्चे का इलाज कर उसकी जान बचाई। डॉ. रविश रंजन ने बताया की विल्सन रोग एक वंशानुगत स्थिति है जिसके कारण शरीर में अतिरिक्त तांबा जमा हो जाता है। पीड़ित मरीज का लीवर पित्त में तांबा नहीं छोड़ता जैसा उसे छोड़ना चाहिए। जैसे ही तांबा लीवर में जमा होता है, यह उसे नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है और लिवर काम करना बंद कर देता है।

### 12वीं पुण्यतिथि पर रांची यूनिवर्सिटी में याद किये गये डॉ रामदयाल मुंडा



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में शनिवार को पद्मश्री डॉ रामदयाल मुण्डा की 12वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। विभाग के प्राध्यापकों, शोधकताओं एवं छात्रों ने डॉ मुण्डा के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संचालन प्राध्यापक डॉ किशोर सुरिन ने जबकि धन्यवाद प्राध्यापक करम सिंह मुण्डा ने किया। अध्यक्षता करते हुए मुण्डारी विभाग के विभागाध्यक्ष मनय मुण्डा ने कहा कि डॉ रामदयाल मुण्डा विश्व मानव थे। वे किसी जाति, धर्म, समुदाय के बारे में नहीं बल्कि पूरे झारखंड की कल्याण की बात करते थे। इस मौके पर प्राध्यापक सविता केसरी, डॉ गीता कुमारी सिंह, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, डॉ दमयन्ती सिंकू, डॉ सरस्वती गागराई, तारकेश्वर सिंह मुण्डा, डॉ अनुराधा मुण्डू, डॉ नकुल कुमार व अन्य शामिल थें।

## बीआइटी मेसरा का 33वां दीक्षांत समारोह आज, 2818 स्टूडेंट्स को मिलेगी डिग्री

इंफोसिस के सह संस्थापक होंगे मुख्य अतिथि और राज्यपाल करेंगे अध्यक्षता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआईटी मेसरा का 33वां दीक्षांत समारोह एक अक्टूबर को होगा। इसमें 17 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं, 2818 स्टूडेंट्स को डिग्री दी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इंफोसिस के को-फाउंडर पद्मभूषण सेनापति कृष गोपालकृष्णन शामिल होंगे। वहीं राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन अध्यक्षता करेंगे। इसमें बीआईटी मेसरा कैंपस के साथ-साथ अन्य ऑफ कैंपस पटना, देवघर, लालपुर , नोएडा, जयपुर और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के कुल 2818 स्टूडेंट्स को डिग्री दी जाएगी। इसमें यूजी के 1948 स्टूडेंट्स, पीजी के 699, पीएचडी के 56 और डिप्लोमा के 115 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इसमें बीआइटी मेसरा के 1365 स्टूडेंट्स होंगे, जिसमें यूजी के 821, पीजी के 498 और पीएचडी के 46 विद्यार्थी शामिल हैं। इसके साथ ही बीआइटी लालपुर एक्सटेंशन के कुल 429 स्टूडेंट्स, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक बीआइटी मेसरा के कुल 143 स्टूडेंट्स, देवघर कैंपस के कुल 142 स्टूडेंट्स, पटना के कुल 383 स्टूडेंट्स, नोएडा के 127 और जयपुर के 229 स्टूडेंट्स के बीच डिग्री बांटी जाएगी। वहीं 17 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

## एनसीसी कैडेटों ने की टैगोर हिल परिसर की सफाई

**रांची।** डीएवी कपिल देव के एनसीसी के कैडेट्स ने शनिवार को राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित ऐतिहासिक स्थल टैगोर हिल परिसर की साफ सफाई की। एनसीसी के 48 बच्चों ने पूरे परिसर को साफ किया। प्रधानमंत्री द्वारा आहूत स्वच्छता अभियान के तहत आज प्रातः 8 से 10 बजे तक बच्चे मोराबादी के टैगोर हिल पहुंचे,जहां उन्होंने विद्यालय के शिक्षक तथा एनसीसी के सीटीओ विवेक कुमार जायसवाल, शिक्षक पशुपतिनाथ झाऔर पीईटी अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में साफ सफाई की। इस अवसर पर प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि हमें स्वच्छता अभियान को निरंतर आगे बढ़ाना है और देश को आगे ले जाना है। एनसीसी के सीटीओ विवेक जायसवाल ने बताया कि एनसीसी के बच्चे आगे भी सफाई के काम से जुड़े रहेंगे।

# गेस्ट फैकल्टी ने आरयू के गेट पर जड़ा ताला, धरना पर बैठे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** छह माह के वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर गेस्ट फैकल्टी ने शनिवार को रांची विश्वविद्यालय (आरयू) की गेट पर ताला जड़ दिया। इसके बाद करीब 100 की संख्या में आये गेस्ट फैकल्टी अपनी मांगों को लेकर गेट के बाहर धरने पर बैठ गये। गेट पर ताला जड़ने के कारण आरयू के सीसीडीसी डॉ. प्रकाश कुमार झा और डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू काफी देर अंदर फंस रहे। वहीं छात्र-छात्राओं की गाड़ियां भी अंदर फंसी रही। बताते चलें कि यूनिवर्सिटी के अंदर एक बैंक भी है, जहां छात्राओं के साथ-साथ आम लोगों का भी



आना-जाना लगा रहता है। लेकिन गेट में ताला लगे होने के कारण लोग अंदर से बाहर और बाहर से अंदर नहीं आ-जा पा रहे थे। इसके बाद सीसीडीसी डॉ. प्रकाश कुमार झा और डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू गेस्ट फैकल्टी से मिलकर उनकी मांगों को सुना और ताला खोलवाया।

**विभिन्न मांगों को लेकर वीसी और रजिस्ट्रार से मिलने आये थे फैकल्टी :** दरअसल गेस्ट फैकल्टी कुलपति (वीसी) और रजिस्ट्रार से मिलने के लिए विश्वविद्यालय पहुंचे थे। लेकिन दोनों वहां मौजूद नहीं थे। करीब एक घंटे तक सभी ने इंतजार किया। लेकिन न तो वीसी आये और न ही रजिस्ट्रार। इसके बाद आक्रोशित होकर गेस्ट फैकल्टी ने स्टेट लाइब्रेरी के सामने वाले गेट में ताला जड़ दिया और बाहर धरना पर बैठ गये।

## 'भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून - उभरती चुनौतियां' पर संपादित पुस्तक का लोकार्पण

ईक्फाई विवि के वीसी ने किया पुस्तक का लोकार्पण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति प्रो (डॉ.) रमन कुमार झा ने भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून-उभरती चुनौतियां विषय पर संपादित पुस्तक का लोकार्पण किया। संपादित पुस्तक विभिन्न अध्यायों का संकलन है। इसका उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों और उपभोक्ता संरक्षण का पता लगाना है, जो वास्तव में कानून और व्यवहार में उत्पन्न हुए हैं। यह भारत में उपभोक्ता संरक्षण और उपभोक्तावाद के क्षेत्र में एक निरंतर योगदान है, क्योंकि हाल ही में 25 अगस्त 2023 को, इक्फाई



विश्वविद्यालय झारखंड के विधि संकाय ने भारत में उपभोक्ता संरक्षण और उपभोक्तावादः कानून और अभ्यास के बदलते स्वरूप पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया था। पुस्तकें उभरती चुनौतियों, महत्वपूर्ण सुधारों, उपभोक्ता निवारण तंत्र को मजबूत करने, ई-कॉमर्स के विनियमन और उपभोक्ता उत्पादों के गुणवत्ता मानकों को लागू करने के बारे में विभिन्न विषयों पर शिक्षाविदों, पेशेवरों और छात्रों को जोड़ने में गंभीर शैक्षणिक योगदान देती हैं।

पुस्तक का संपादन इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के विधि संकाय के एचओडी और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आलोक कुमार द्वारा किया गया है। कानून के सभी संकाय सदस्यों ने इस संपादित पुस्तक में प्रासंगिक अध्यायों में योगदान दिया। उद्घाटन समारोह में प्रोफेसर अरविंद कुमार, डीन (अकादमिक) और प्रोफेसर (डॉ.) जेबी पटनायक और रजिस्ट्रार उपस्थित थे।

## एसीबी रांची के विशेष लोक अभियोजक अशोक गुप्ता सेवानिवृत्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एसीबी के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार गुप्ता शनिवार को रिटायर हो गये। उन्होंने एसीबी के विशेष लोक अभियोजक के पद पर रहते हुए 70 से ज्यादा भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता का चयन वर्ष 1990 में बिहार पब्लिक लोक सेवा में हुआ था। वह न्यायिक सेवा से चयनित हुए थे। उन्होंने बतौर अपर लोक अभियोजक सिवान सिविल कोर्ट से शुरूआत की थी, जहां अपने करियर के शुरूआती दिनों में कुख्यात बाहुबली और राजनेता शहाबुद्दीन के खिलाफ उन्होंने सरकार की ओर से पक्ष रखा था, लेकिन ट्रायल के दौरान उनका ट्रांसफर हो गया। हालांकि बाद के दिनों में शहाबुद्दीन को सजा हो गयी। राज्य गठन के बाद अशोक कुमार गुप्ता झारखंड कैडर में आ गये।

बोकारो जिले में उनकी पोस्टिंग हुई। वर्ष 2012 में उन्हें एसीबी की ओर से केस लड़ने के लिए अधिकृत किया गया। एसीबी के विशेष लोक अभियोजक रहते हुए उन्हें कई लोगों से धमकी भी मिली, लेकिन वह अपना काम करते रहे। अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में मनरेगा घोटाला जैसे चर्चित केस में भी अधिवक्ता अशोक गुप्ता ने बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिन्हा के खिलाफ मजबूती से पक्ष रखा और सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन महावीर नगर, महावीर चौक,कोकर में किया गया। इस जांच शिविर में 105 बच्चों का निःशुल्क जांच किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी, रास बिहारी, मनीष आनंद , डॉ रवि शेखर सिंह,डॉ हर्ष , विश्वजीत ,संजू का योगदान रहा।

## बिशा कॉन का दो दिवसीय पांचवां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वाक एवं श्रवण संघ - बिहार के द्वारा दो दिवसीय पांचवा राष्ट्रीय वार्षिकोत्सव का आयोजन शनिवार को होटल रॉयल रिट्रीट में किया गया। इस सम्मेलन में भारत के लगभग 250 से अधिक विशेषज्ञ भाग ले रहे है। सम्मेलन मे वॉक , भाषा , श्रवण , डिस्फेजिया और वेस्टीबुलार विज्ञान विषय पर चर्चा की गई साथ ही विशेषज्ञों द्वारा इसका निदान और इलाज पर विशेष चर्चा की गई। बिशा कॉन वैज्ञानिक सत्र, विशेषज्ञों की चर्चा और तकनीकी अपडेट आयोजित करने का एक



महत्वपूर्ण मंच है। इसके अलावा यह सम्मेलन संचार विकारों में वर्तमान प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाकर समाज में योगदान देता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभय नंदन अम्बष्ठ (अपर सचिव, महिला बाल विकास एवम सामाजिक शिक्षा विभाग एवम अतिरिक्त प्रभार निःशक्ता आयुक्त, झारखंड सरकार ने कहा की बिस्कॉन का ये दो दिवसीय सम्मेलन समाज मे जो ऐसे बच्चे और बड़े लोगो है जो ठीक से बोल और सुन नही सकते उनके लिए काफी लाभदायक साबित होगा।सरकार के स्तर से जो मदद होगा वो ऐसे लोगो को दिया जाएगा। वही कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अजीत, प्रसन्नता हेगड़े, डॉ एन श्रीदेवी, स्वरूप विकास मिश्रा, डॉ संगीता महेश, नेहा तिवारी एवम डॉ सुमन कुमार उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिकोत्सव समारोह मे वाक एवं श्रवण से जुड़े कई उपकरण से संबंधित स्टॉल लगाए गए है,जहां कान की मशीन, ईएनटी जांच से संबंधित मशीन भी उपलब्ध है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिशा कॉन की ओर से डॉ अशोक कुमार सिन्हा, चंदन कुमार, डॉ विवेक मोहन, मुकेश कुमार, रोहित प्रधान, सुमन कुमार, अभिषेक रंजन आदि का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

## ओबीसी मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की प्रतियां जलायी

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा झारखंड के बैनर तले शनिवार को राजभवन के समक्ष नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल की प्रतियां जलायी गयी। ओबीसी मोर्चा के कमलेश चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को ठगने का काम किया है। इसमें एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्ित किया जाये। महिला आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत होनी चाहिये। ओबीसी मोर्चा के प्रवीण कुमार ने कहा कि यह बिल सवर्ण महिलाओं के आरक्षण के लिए है।



एसटी, एससी और ओबीसी महिलाओं दरकिनार किया गया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। विष्णु कुमार ने कहा कि ओबीसी के साथ हमेशा शोषण होते आ रहा है। इनके साथ शुरू से छलावा किया जा रहा है। मौके पर अर्जुन कुमार, विष्णु कुमार , रामवतार कश्यप मौजूद थे।

## सीसीएल में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को दी गयी विदाई



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत हो रहे 5 कर्मी क्रमशः डॉ. उत्पला चक्रवर्ती,सीएमएस, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, शुभ्रा मुखर्जी, ओएस ग्रेड ए, अमरेंद्र मणि त्रिपाठी, डेंटल टेक्निसियन ए1, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर-यशोधरा देवी, वरीय आया, द्रौपदी देवी,सफाईकर्मी को शनिवार के दिन सीसीएल परिवार की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) बी.साइराम तथा सीवीओ पंकज कुमार उपस्थित थे। सितम्बर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 96 कर्मी सेवानिवृत्त हुए है।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित किया गया। इस वीडियो में कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सबसे साझा किया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

अवसर विशेष पर निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि कंपनी की सफलता में सभी का योगदान सराहनीय है। निदेशक बी. साईराम ने सेवानिवृत कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी आज एक सफर को सफलता पूर्वक पूरा करके दूसरे सफर की शुरूआत कर रहे हैं। मुख्य सतर्कता अधिकारी, पंकज कुमार ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के योगदानों की सराहना करते हुये कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आप को सामाजिक एवं अच्छे कार्यों में व्यस्त रखें। इस मौके पर सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को शॉल ,श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## आओ भोग लगाओ बाबा श्याम रूच रूच भोग लगाओ

**रांची।** इस भोग के अतिप्रिय भजनों से शनिवार को हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 81वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित करने का। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान अश्विनी साबू, आकांक्षा मित्तल साबू ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। साबू परीवार ने खाटूनरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को साबू परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, रामगोपाल साबू, विजयश्री साबू, अश्विनी साबू, आकांक्षा साबू, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल संजय सर्राफ सहित 60 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

## वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला मंत्रालय ने की 91 खदानों की नीलामी

9 हजार से अधिक को मिलेगा रोजगार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोयला मंत्रालय ने वाणिज्यिक खनन के तहत कोयला खदानों के 6 सफल बोली लगाने वालों के साथ समझौतों को अंतिम रूप दिया। इसमें 1050 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। इससे 9464 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। यह कदम 2020 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में वाणिज्यिक कोयला खनन की शुरुआत के बाद से 91 कोयला खदानों की सफल नीलामी का



परिचायक है। इन 6 कोयला खदानों में से 4 में आंशिक और अन्य 2 में पूर्ण अन्वेषण हुआ है। ये समझौते मीनाक्षी वेस्ट, नॉर्थ धादु (पूर्वी भाग), नॉर्थ धादु (पश्चिमी भाग), पथोरा ईस्ट, पथोरा वेस्ट और शेरबंद खदानों के लिए किए गए हैं। सफल बोलीकर्ताओं में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड, एनएलसी इंडिया लिमिटेड, श्री बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड और नीलकंठ माइनिंग लिमिटेड जैसी बड़ी संस्थाएं शामिल हैं। इसके अलावा इन 6 कोयला खदानों से कुल वार्षिक राजस्व सृजन लगभग 787.59 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इसका उत्पादन 7 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) के समग्र सर्वोच्च क्षमता (पीआरसी) वाले स्तर के आधार पर होगा। एक बार जब ये खदानें पूरी तरह से चालू हो जाएंगी, तो वे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में 9,464 लोगों के लिए रोजगार पैदा करने के लिए तैयार हो जाएंगी। इन कोयला खदानों के संचालन के लिए 1,050 करोड़ रुपये का पर्याप्त निवेश निर्धारित किया गया है। इन 6 कोयला खदानों में सफल बोलीकर्ताओं के लिए राजस्व-साझाकरण प्रतिशत 5 प्रतिशत से 43.75 प्रतिशत तक है, औसत राजस्व हिस्सेदारी 23.71 प्रतिशत है। कोयला मंत्रालय की सटीक और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया कोयला खनन क्षेत्र में उत्पादक और प्रगतिशील विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के लिए मंत्रालय के एक विशेष कारोबारी सलाहकार, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने कार्यप्रणाली तैयार करने और नीलामी प्रक्रिया के सफल निष्पादन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

